# Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

**Public Relations Office**

**Hon'ble Vice Chancellor Prof. (Dr.) Tankeshwar Kumar inaugurated the e-Merchandise Store CUH Campus Mall.**

**News Paper: Dainik Jagran** **Date: 28-01-2022**

# लोगों तक पहुंचेंगे हकेवि के उत्पाद

## विश्वविद्यालय की ब्रांडिंग वाले उत्पादों का आनलाइन स्टोर हुआ शुरू

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़:** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ अब अपनी ब्रांडिंग वाले उत्पादों के साथ आनलाइन माध्यम से जन-जन तक पहुंचने जा रहा है। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों व कर्मचारियों सहित पूर्व विद्यार्थियों के साथ-साथ विश्वविद्यालय ने अपने एक अनोखे प्रयास के माध्यम से आमजन तक पहुंचने की पहल की है।



सीयूएच कैंपस मॉल का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार • सौ. हकेवि

सीयूएच कैंपस मॉल नामक इस पहल के माध्यम से अब विश्वविद्यालय के नाम, लोगो व अन्य उपयोगी व उल्लेखनीय प्रयासों को प्रदर्शित करने वाले विभिन्न उत्पाद आनलाइन स्टोर पर खरीदे जा सकते हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस पहल को बेहद उपयोगी और आधुनिक समय की मांग बताया।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के सच्चे ब्रांड एंबेडसर उसके विद्यार्थी, शोधार्थी, पूर्व विद्यार्थी व उनके अभिभावक होते हैं और हम सीयूएच कैंपस मॉल नामक इस प्रयास के माध्यम से अपनी पहचान को विभिन्न सहभागियों के साथ सांझेदारी विकसित कर जन-जन तक पहुंचाने जा रहे हैं। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार कुमार ने बृहस्पतिवार को कैंपस मॉल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंकुर के साथ आनलाइन ई-मर्चेंट स्टोर सीयूएच कैंपस माल का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि अवश्य ही विश्वविद्यालय के सहभागी इन उत्पादों के माध्यम से जन-जन तक हमारी पहुंच बनाने में मददगार साबित होंगे। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय के आउटरीच कार्यक्रम के अंतर्गत ई-स्टोर की इस शुरूआत से विभिन्न उत्पादों के माध्यम से विश्वविद्यालय की पहचान कश्मीर से कन्याकुमारी तक के लोगों से करा सकेंगे। प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार ने कहा कि अवश्य ही इस काम में विश्वविद्यालय के असली ब्रांड एंबेसडर यानी हमारे विद्यार्थी की भूमिका उल्लेखनीय रहेगी। यह उत्पाद विभिन्न सहभागियों को विश्वविद्यालय से निरंतर जुड़े रहने का अवसर प्रदान करेंगे। आनलाइन ई स्टोर सीयूएच कैंपस मॉल नामक इस प्रयास के विषय में निदेशक, आउटरीच कार्यक्रम डा. अजय पाल ने बताया कि इस आनलाइन स्टोर पर विश्वविद्यालय की ब्रांडिंग आधारित विभिन्न उत्पाद उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके लिए हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय व कैंपस मॉल के मध्य में एक समझौता किया गया है। जिसमें हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और विश्वविद्यालय से परोक्ष या प्रत्यक्ष रूप में जुड़े किसी भी हितधारक के लिए विश्वविद्यालय के प्रतीक चिन्ह लगे हुए, प्रतिदिन के जीवन में उपयोग होने वाली वस्तुएं जैसे, टीशर्ट, कॉफी मग, स्टेशनरी आइटम, जूट बैग आदि उपलब्ध हैं। इन उत्पादों को कोई भी www.cuh.campusmall.in पर लॉग इन कर खरीद सकता है और उपयोग कर सकता है। डा. अजय पाल ने कहा कि अवश्य ही इस प्रयास के माध्यम से विश्वविद्यालय की पहुंच जनसामान्य होगी और उसका लाभ विश्वविद्यालय व देशवासियों को प्राप्त होगा।

# Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

**Public Relations Office**

**News Paper: Haribhoomi** **Date: 28-01-2022**

# हकेंवि को जन-जन तक पहुंचाएगा सीयूएच कैंपस मॉल

- विश्वविद्यालय की ब्रांडिंग वाले उत्पादों का ऑनलाइन स्टोर शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में अब अपनी ब्रांडिंग वाले उत्पादों के साथ ऑनलाइन माध्यम से जन-जन तक पहुंचने जा रहा है। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शोद्यार्थियों, शिक्षकों व कर्मचारियों सहित पूर्व विद्यार्थियों के साथ-साथ विश्वविद्यालय ने अपने एक अनोखे प्रयास के माध्यम से आमजन तक पहुंचने की पहल की है। सीयूएच कैंपस मॉल नामक इस पहल के माध्यम से अब विश्वविद्यालय के नाम, लोगों अन्य उपयोगी व उल्लेखनीय प्रयासों को प्रदर्शित करने वाले विभिन्न उत्पाद ऑनलाइन स्टोर पर खरीदे जा सकते हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस पहल को बेहद उपयोगी और आधुनिक समय की मांग बताया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के सच्चे ब्रांड एंबेडसर उसके विद्यार्थी, शोद्यार्थी, पूर्व विद्यार्थी व उनके अभिभावक होते हैं और हम सीयूएच कैंपस मॉल नामक इस प्रयास के माध्यम से अपनी पहचान को विभिन्न सहभागियों के साथ सांझेदारी विकसित कर जन-जन तक पहुंचाने जा रहे हैं। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने वीरवार को कैंपस मॉल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंकुर के साथ ऑनलाइन माध्यम से ई-मर्चेंट स्टोर सीयूएच कैंपस मॉल का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि अवश्य ही विश्वविद्यालय के सहभागी इन उत्पादों के माध्यम से जन-जन तक हमारी पहुंच बनाने में मददगार साबित होंगे। ऑनलाइन ई स्टोर सीयूएच कैंपस मॉल नामक इस प्रयास के विषय में निदेशक, आउटरीच कार्यक्रम डा. अजय पाल ने बताया कि इस ऑनलाइन स्टोर पर विश्वविद्यालय की ब्रांडिंग आधारित विभिन्न उत्पाद उपलब्ध कराए जाएंगे।



महेंद्रगढ़। सीयूएच कैंपस मॉल का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। फोटो: हरिभूमि

# Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

**Public Relations Office**

**News Paper: Rastriya Khabar** **Date: 28-01-2022**

# हकेवि को जन-जन तक पहुंचाएगा सीयूएच कैंपस मॉल

राष्ट्रीय खबर ब्यूरो



**चंडीगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ अब अपनी ब्रांडिंग वाले उत्पादों के साथ ऑनलाइन माध्यम से जन-जन तक पहुंचने जा रहा है। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शोद्यार्थियों, शिक्षकों व कर्मचारियों सहित पूर्व विद्यार्थियों के साथ-साथ विश्वविद्यालय ने अपने एक अनोखे प्रयास के माध्यम से आमजन तक पहुंचने की पहल की है। सीयूएच कैंपस मॉल नामक इस पहल के माध्यम से अब विश्वविद्यालय के नाम, लोगो व अन्य उपयोगी व उल्लेखनीय प्रयासों को प्रदर्शित करने वाले विभिन्न उत्पाद ऑनलाइन स्टोर पर खरीदे जा सकते हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस पहल को बेहद उपयोगी और आधुनिक समय की मांग बताया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के सच्चे ब्रांड एम्बेडसर उसके विद्यार्थी, शोद्यार्थी, पूर्व विद्यार्थी व उनके अभिभावक होते हैं और हम सीयूएच कैंपस मॉल नामक इस प्रयास के माध्यम से अपनी पहचान को विभिन्न सहभागियों के साथ सांझेदारी विकसित कर जन-जन तक पहुंचाने जा रहे हैं।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार कुमार ने वीरवार को कैंपस मॉल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंकुर के साथ ऑनलाइन माध्यम से ई-मर्चेंट स्टोर सीयूएच कैंपस मॉल का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि अवश्य ही विश्वविद्यालय के सहभागी इन उत्पादों के माध्यम से जन-जन तक हमारी पहुंच बनाने में मददगार साबित होंगे। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय के आउटरीच कार्यक्रम के अंतर्गत ई-स्टोर की इस शुरूआत से विभिन्न उत्पादों के माध्यम से विश्वविद्यालय की पहचान कश्मीर से कन्याकुमारी तक के लोगों से करा सकेंगे। प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार ने कहा कि अवश्य ही इस काम में विश्वविद्यालय के असली ब्रांड एम्बेसडर यानी हमारे विद्यार्थी की भूमिका उल्लेखनीय रहेगी।

# Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

**Public Relations Office**

**News Paper: Panjab Kesari** **Date: 28-01-2022**

# हकेंवि को जन-जन तक पहुंचाएगा सी.यू.एच. कैंपस मॉल

## कुलपति बोले- विश्वविद्यालय सहभागियों के साथ-साथ आमजन तक पहुंचना है लक्ष्य

महेंद्रगढ़ 27 जनवरी (परमजीत/मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ अब अपनी ब्रांडिंग वाले उत्पादों के साथ ऑनलाइन माध्यम से जन-जन तक पहुंचने जा रहा है। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों व कर्मचारियों सहित पूर्व विद्यार्थियों के साथ-साथ विश्वविद्यालय ने अपने एक अनोखे प्रयास के माध्यम से आमजन तक पहुंचने की पहल की है। सी.यू.एच. कैंपस मॉल नामक इस पहल के माध्यम से अब विश्वविद्यालय के नाम, लोगो व अन्य उपयोगी व उल्लेखनीय प्रयासों को प्रदर्शित करने वाले विभिन्न उत्पाद ऑनलाइन स्टोर पर खरीदे जा सकते हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस पहल को बेहद उपयोगी और आधुनिक समय की मांग बताया।



*प्रो. टंकेश्वर कुमार कैंपस मॉल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंकुर के साथ ऑनलाइन माध्यम से ई-मर्चैंट स्टोर का उद्घाटन करते समय।*

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के सच्चे ब्रांड एम्बैसेडर उसके विद्यार्थी, शोधार्थी, पूर्व विद्यार्थी व उनके अभिभावक होते हैं और हम सी.यू.एच. कैंपस मॉल नामक इस प्रयास के माध्यम से अपनी पहचान को विभिन्न सहभागियों के साथ सांझेदारी विकसित कर जन-जन तक पहुंचाने जा रहे हैं।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार कुमार ने वीरवार को कैंपस मॉल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंकुर के साथ ऑनलाइन माध्यम से ई-मर्चैंट स्टोर सी.यू.एच. कैंपस मॉल का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि अवश्य ही विश्वविद्यालय के सहभागी इन उत्पादों के माध्यम से जन-जन तक हमारी पहुंच बनाने में मददगार साबित होंगे। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय के आऊटरीच कार्यक्रम के अंतर्गत ई-स्टोर की इस शुरूआत से विभिन्न उत्पादों के माध्यम से विश्वविद्यालय की पहचान कश्मीर से कन्याकुमारी तक के लोगों से करा सकेंगे।

ऑनलाइन ई-स्टोर सी.यू.एच. कैंपस मॉल नामक इस प्रयास के विषय में निदेशक, आऊटरीच कार्यक्रम डॉ. अजय पाल ने बताया कि इस ऑनलाइन स्टोर पर विश्वविद्यालय की ब्रांडिंग आधारित विभिन्न उत्पाद उपलब्ध करवाए जाएंगे। इसके लिए हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय व कैंपस मॉल के मध्य में एक समझौता किया गया है, जिसमें हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और विश्वविद्यालय से परोक्ष या प्रत्यक्ष रूप में जुड़े किसी भी हितधारक के लिए विश्वविद्यालय के प्रतीक चिन्ह लगे हुए, प्रतिदिन के जीवन में उपयोग होने वाली वस्तुएं जैसे, टी-शर्ट, कॉफी मग, स्टेशनरी आइटम, जूट बैग आदि उपलब्ध हैं। डॉ. अजय पाल ने कहा कि अवश्य ही इस प्रयास के माध्यम से विश्वविद्यालय की पहुंच जनसामान्य होगी और उसका लाभ विश्वविद्यालय व देशवासियों को प्राप्त होगा।

# Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

**Public Relations Office**

**News Paper: Hadoti Adhikar** **Date: 28-01-2022**

हकेवि को जन-जन तक पहुंचाएगा सीयूएच कैंपस मॉल

## कुलपति बोले विश्वविद्यालय सहभागियों के साथ-साथ आमजन तक पहुंचना है लक्ष्य

नारनोल, 27 जनवरी (विजय कोशिश )। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ अब अपनी ब्रांडिंग वाले उत्पादों के साथ ऑनलाइन माध्यम से जन-जन तक पहुंचने जा रहा है। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शोद्यार्थियों, शिक्षकों व कर्मचारियों सहित पूर्व विद्यार्थियों के साथ-साथ विश्वविद्यालय ने अपने एक अनोखे प्रयास के माध्यम से आमजन तक पहुंचने की पहल की है। सीयूएच कैंपस मॉल नामक इस पहल के माध्यम से अब विश्वविद्यालय के नाम, लोगो व अन्य उपयोगी व उल्लेखनीय प्रयासों को प्रदर्शित करने वाले विभिन्न उत्पाद ऑनलाइन स्टोर पर खरीदे जा सकते हैं।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस पहल को बेहद उपयोगी और आधुनिक समय की मांग बताया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के सच्चे ब्रांड एम्बेसडर उसके विद्यार्थी, शोद्यार्थी, पूर्व विद्यार्थी व उनके अभिभावक होते हैं और हम सीयूएच कैंपस मॉल नामक इस प्रयास के माध्यम से अपनी पहचान को विभिन्न सहभागियों के साथ सांझेदारी विकसित कर जन-जन तक पहुंचाने जा रहे हैं ।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार कुमार ने आज कैंपस मॉल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अंकुर के साथ ऑनलाइन माध्यम से ई-मर्चेंट स्टोर सीयूएच कैंपस मॉल का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि अवश्य ही विश्वविद्यालय के सहभागी इन उत्पादों के माध्यम से जन-जन तक हमारी पहुंच बनाने में मददगार साबित होंगे। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय के आउटरीच कार्यक्रम के अंतर्गत ई-स्टोर की इस शुरूआत से विभिन्न उत्पादों के माध्यम से विश्वविद्यालय की पहचान कश्मीर से कन्याकुमारी तक के लोगों से करा सकेंगे। प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार ने कहा कि अवश्य ही इस काम में विश्वविद्यालय के असली ब्रांड एम्बेसडर यानी हमारे विद्यार्थी की भूमिका उल्लेखनीय रहेगी। यह उत्पाद विभिन्न सहभागियों को विश्वविद्यालय से निरंतर जुड़े रहने का अवसर प्रदान करेंगे।

ऑनलाइन ई स्टोर सीयूएच कैंपस मॉल नामक इस प्रयास के विषय में निदेशक, आउटरीच कार्यक्रम डॉ. अजय पाल ने बताया कि इस ऑनलाइन स्टोर पर विश्वविद्यालय की ब्रांडिंग आधारित विभिन्न उत्पाद उपलब्ध कराये जायेंगे। इसके लिए हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय व कैंपस मॉल के मध्य में एक समझौता किया गया है।

जिसमें हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और विश्वविद्यालय से परोक्ष या प्रत्यक्ष रूप में जुड़े किसी भी हितधारक के लिए विश्वविद्यालय के प्रतीक चिन्ह लगे हुए, प्रतिदिन के जीवन में उपयोग होने वाली वस्तुएं जैसे, टीशर्ट, कॉफी मग, स्टेशनरी आइटम, जूट बैग आदि उपलब्ध हैं।

इन उत्पादों को कोई भी www.cuh.campusmall.in पर लॉग इन कर खरीद सकता है और उपयोग कर सकता है। डॉ. अजय पाल ने कहा कि अवश्य ही इस प्रयास के माध्यम से विश्वविद्यालय की पहुंच जनसामान्य होगी और उसका लाभ विश्वविद्यालय व देशवासियों को प्राप्त होगा।